स्रोत :- राजस्थान पत्रिका
दिनांक :- 16.01.2020
पृष्ट संख्या :- 12

पिछले एक दशक में हुई सबसे बड़ी जब्ती

मेंगलूरु हवाई अड्डे पर 2 करोड़ रुपए का सोना जब्त

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

बेंगलूरु. मेंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पिछले करीब एक दशक में तस्करी के जरिये लाई गई सोने की सबसे बड़ी जब्ती की गई है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने हवाई अड्डे के एयर कार्गो कॉम्पलेक्स से 5 किलोग्राम सोना जब्त किया है, जिसका मूल्य करीब 2 करोड़ रुपए बताया गया है।

एक सरकारी बयान के अनुसार डीआरआई बेंगलूरु व मेंगलूरु के अधिकारियों ने मुखबिर से मिले सुराग के आधार पर मिल कर कार्रवाई करते हुए एयर कार्गो के जरिए सोने की तस्करी का पता लगाया। सोने की यह बड़ी खेप दो दिन पहले जब्त की गई है।

बयान के अनुसार सोने को खनन में काम आने वाली मशीनों में छिपाकर रखा गया था। इसका आयात उडुपी की एक खनन कंपनी मेसर्स स्वरूप मिनरल्स प्रालि ने किया है। सोने को मेटल स्प्रोकेट्स में बहुत ही गहराई में चिपकाया गया था। पहियों की स्केनिंग करने पर अधिकारियों को संदेह हुआ और अंततः अधिकारियों ने एक मैकेनिक की लैथ मशीन की मदद से सोने को बाहर निकाल लिया।

अधिकृत ज्वैलर द्वारा परीक्षण करने पर अल्युमिनियम की कोटिंग वाली सोने की पांच गोल प्लेटों का कुल वजन 4,995 ग्राम पाया गया। सोने के ये टुकड़े 24 कैरेट के हैं और इनका बाजार मूल्य करीब 2 करोड़ रुपए आंका गया हैं।

डीआरआई ने कस्टम एक्ट 1962 के तहत कार्रवई करते हुए अवैध रूप से लाया गया यह सोना जब्त कर लिया।

डीआरआई बेंगलूरु ने मिनरल रिसोर्सेज के कार्यकारी निदेशक मनोहर कुमार पुजारी को गिरफ्तार कर लिया। तस्करी का काम देख रहे अशोकनगर निवासी लोहित श्रीयान नामक एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है।